भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-124**
उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

**समग्र शिक्षा के अंतर्गत बीआरसी और सीआरसी**

†124. **श्री बस्तीपति नागराजू:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या समग्र शिक्षा अभियान योजना के अंतर्गत राज्यों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) तथा संकुल संसाधन केंद्र (सीआरसी) को सुदृढ़ करने एवं बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है;
(ख) यदि हाँ, तो पिछले पाँच वर्षों में राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार एवं आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार कितने केंद्र प्रस्तावित हुए एवं पूर्ण हुए हैं;
(ग) क्या इस घटक के अंतर्गत व्यय की ऑडिट रिपोर्ट संबंधित राज्य सरकारों को जमा की गई है;
(घ) यदि हाँ, तो कितने बीआरसी एवं सीआरसी पूर्ण हो चुके हैं तथा चालू हैं; और
(ङ) पिछले पाँच वर्षों में राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार एवं आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार इस घटक के अंतर्गत कुल कितनी धनराशि आवंटित एवं जारी की गई है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ङ): समग्र शिक्षा की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के तहत शिक्षक प्रशिक्षण और शिक्षा कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्रों (बीआरसी) तथा संकुल संसाधन केंद्रों (सीआरसी) के माध्यम से सतत शैक्षणिक सहायता प्रदान करना शामिल है एवं एससीईआरटी तथा डाइट्स के माध्यम से सेवा-कालीन *प्रशिक्षण* और उससे संबंधित संस्थागत सहायता के लिए भी इस योजना के तहत सहयोग प्रदान किया जाता है। समग्र शिक्षा के तहत, विगत पांच वर्षों में कुल 546 बीआरसी इकाइयों को नए निर्माण हेतु ₹10,391.30 लाख का संचयी वित्तीय अनुमोदन संस्वीकृत किया गया है, जबकि 470 मौजूदा इकाइयों के सुदृढ़ीकरण हेतु ₹3,592.99 लाख के परिव्यय की संस्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण https://www.education.gov.in/parl_ques पर अनुलग्नक-I और अनुलग्नक-II में दिया गया है।

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा समग्र शिक्षा संबंधी अग्रेषित सांविधिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में उपयोगिता प्रमाण-पत्र में प्रदर्शित समेकित प्राप्तियाँ और व्यय शामिल हैं।

वार्षिक कार्य एवं बजट (एडब्ल्यूपीएंडबी) वर्ष 2025-26 के अनुसार, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 7,233 बीआरसी संस्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 7,227 कार्यात्मक हैं। इसी प्रकार, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 91,495 सीआरसी संस्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 91,371 कार्यात्मक हैं। इसका विवरण *https://www.education.gov.in/parl_ques* पर अनुलग्नक-III में दिया गया है।

*****